पिछले पृष्ठ से जारी...

## प्रारूप- सी

### एक वर्ष में कार्यमुक्त होनेवाले सेवारत सशस्त्र बल कर्मचारी द्वारा दिया जाने वाला शपथपत्र

(1) मैं यह जानता हूं कि, इस आवेदन-पत्र से संबंधित भर्ती/परीक्षा के आधार पर चयनित होने पर, मेरी नियुक्ति, नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी को संतोषजनक दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने के अधीन होगी, कि मैं सशस्त्र बलों से बकायदा कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त/सेवामुक्त हूं और मैं भूतपूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवाओं और पदों में पुन:नियुक्ति) नियम, 1979, यथा समय-समय पर संशोधित, की परिभाषा के अंतर्गत मान्य लाभों के लिए पात्र हूं.

(2) मैं यह भी जानता हूं कि इस परीक्षा में शामिल किए गए भर्ती के संबंध में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्त पद के लिए उस स्थिति में नियुक्ति का पात्र नहीं रहूंगा जब ऐसी नियुक्ति से पहले कभी भी मैंने, भूतपूर्व सैनिकों के लिए मान्य रिक्तपदों के आरक्षण की रियायत का लाभ लेकर सिविल पक्ष (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्तशासी निकाय/वैधानिक निकाय, राष्ट्रीयकृत बैंक आदि) में कोई रोजगार प्राप्त कर लिया हो.

स्थान:

दिनांक: उम्मीदवार के हस्ताक्षर व नाम

## प्रारूप- डी

### अपना आरंभिक असाइन्मेंट पूरा कर चुके और विस्तारित असाइन्मेंट पर कार्यरत ईसीओ/एसएससीओ के लिए लागू प्रमाण-पत्र का फॉर्म

यह प्रमाणित किया जाता है कि, क्र.................रैंक.................... नाम............................... जिनकी जन्मतिथि..................... है,........................... से थलसेना/नौसेना/वायुसेना में सेवारत हैं.

2. यह............. को अपना पांच वर्ष का आरंभिक असाइन्मेंट पूरा कर चुके हैं और............. तक विस्तारित असाइन्मेंट पर हैं.

3. सिविल रोजगार के लिए उनके आवेदन करने पर हमें कोई आपत्ति नहीं है और चयनित होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तिथि से उन्हें तीन माह की सूचना में कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

स्थान: **सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर, नाम और पदनाम****

दिनांक: **मुहर**

*** आयु में रियायत प्राप्त करने के लिए सशस्त्र बलों को प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु निम्नलिखित सक्षम प्राधिकारी हैं:*

*(अ) **ईसीओ/एसएससीओ सहित कमिशन्ड अधिकारियों के मामले में: थलसेना:** मिलिट्री सेक्रेटरी ब्रांच, थलसेना मुख्यालय, नई दिल्ली; **नौसेना:** कार्मिक निदेशालय, नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली; **वायुसेना:** कार्मिक अधिकारियों का निदेशालय, वायुसेना मुख्यालय, नई दिल्ली.*

*(ब) **जेसीओ/ओआर और नौसेना तथा वायुसेना के समकक्ष पदों के लिए: थलसेना:** विभिन्न रेजिमेंट रिकॉर्ड कार्यालयों द्वारा; **नौसेना:** बीएबीएस, मुंबई; **वायुसेना:** वायुसेना रिकॉर्ड्स, नई दिल्ली*

## अनुलग्नक I

**(i) फोटोग्राफ इमेज :**

- फोटोग्राफ पासपोर्ट आकार का रंगीन और नवीनतम होना चाहिए.
- हल्की विशेषकर श्वेत पार्श्वभूमि युक्त रंगीन फोटोग्राफ.
- फोटोग्राफ के समय कैमरे की दिशा में तनावरहित सीधा चेहरा रखें.
- अगर फोटोग्राफ दिन के प्रकाश में हो, तो सूरज प्रतिमा के पीछे हो या आप अपने आप को छाया में रखें ताकि आप की आंखें छोटी न लगें और अन्य कोई छाया का आवरण उस पर ना हो.
- अगर आपको फ्लैश इस्तेमाल करना हो, तो उस पर 'रेड-आइ' न हो.
- अगर आप ऐनक का प्रयोग करते हैं, तो वहां प्रकाश परावर्तन न हो और आपकी आंखें स्पष्ट नजर आएं.
- टोपियां, हैट्स और काला चश्मा स्वीकार नहीं होगा. धार्मिक कारणों से पगड़ी जैसे वस्त्र की अनुमति है बशर्ते उससे आपका चेहरा न ढके.
- परिमाप 200 X 230 पिक्सेल (अधिमानत:)
- फाइल की साइज 20 केबी – 50 केबी के बीच
- यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किये हुए फोटोग्राफ की साइज 50 केबी से अधिक न हो. अगर फाइल की साइज 50 केबी से अधिक है, तो स्कैनर के सेटिंग का समायोजन करें जैसेकि डीपीआई रिसोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि.

**(ii) हस्ताक्षर इमेज**

- आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही के पेन से हस्ताक्षर करें.
- हस्ताक्षर केवल आवेदक का हो, अन्य किसी का नहीं.
- हस्ताक्षर का उपयोग हॉल टिकट पर तथा अन्य आवश्यक जगह में होगा.
- अगर परीक्षा के समय आवेदक का उत्तर पुस्तिका पर किया गया हस्ताक्षर हॉल टिकट के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाता है, तो आवेदक को अपात्र समझा जाएगा.
- परिमाप 140 X 60 पिक्सेल (अधिमानत:)
- फाइल की साइज 10 केबी – 20 केबी के बीच हो.
- यह सुनिश्चित करें कि स्कैन की हुई इमेज की साइज 20 केबी से अधिक न हो.

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैनिंग :**

- स्कैनर का रिजोल्यूशन न्यूनतम 200 डीपीआई (डाट्स पर इंच) पर रखें
- रंग को सही रंग के लिए सेट करें.
- ऊपर निर्दिष्ट किए अनुसार फाइल का साइज रखें.
- फोटोग्राफ/हस्ताक्षर के अनुसार स्कैनर की इमेज को रखें, अपलोड एडिटर से अंतिम साइज की फोटोग्राफ बनाएं. (जैसेकि ऊपर निर्दिष्ट किया गया है.)
- इमेज फाइल जेपीजी या जेपीईजी फॉरमेट में हो. उदाहरण के लिए फाइल का नाम : इमेज 01. जेपीजी या इमेज 01. जेपीईजी. इमेज का आकार फोल्डर फाइल लिस्टिंग से या माउस को फाइल इमेज आइकॉन पर घुमाने से आजमाया जायेगा.

ऐसे उम्मीदवार जो एमएस विंडोज/एमएस ऑफिस का उपयोग करते हैं और एम एस पेंट या एमएस ऑफिस मैनेजर इस्तेमाल करने से 50 केबी और 20 केबी यथोपरि आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फॉरमेट में प्राप्त कर सकते हैं. फाइल मेनू में सेव एज विकल्प लेकर किसी भी फारमेट में स्कैन किए गए फोटोग्राफ और हस्ताक्षर जेपीजी फारमैट में सेव किया जा सकता है. क्रॉप का इस्तेमाल करके फोटो की साइज 50 केबी से और हस्ताक्षर की साइज 20 केबी से कम तक घटाई जा सकती है. उसके पश्चात इमेज मेनू में पुनः साइज सेट करें (कृपया पिक्सेल साइज के लिए बिंदु (1) और (2) देखें). इसी तरह के विकल्प अन्य फोटो एडिटर में भी उपलब्ध हैं.

**अगर फाइल साइज और फारमैट निर्धारित प्रकार के नहीं हैं, तो त्रुटि का संदेश दिखाई देगा.**

ऑन लाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवार को अपना फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए एक लिंक उपलब्ध होगा.

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने की कार्यविधि**

i) फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग-अलग लिंक होगा.
ii) अपलोड फोटोग्राफ/हस्ताक्षर के संबंधित लिंक पर क्लिक करें.
iii) जहां पर स्कैन किए हुए फोटोग्राफ/हस्ताक्षर फाइल सेव की गई है, उस स्थान को ब्राउज कर चयनित करें.
vi) क्लिक करके फाइल चयनित करें.
v) 'अपलोड' बटन क्लिक करें.

Adfactors 139